निदेशक आरसीएच ने यूसीएचसी सिरसी का किया निरीक्षण

जयपुर, 23 मई (का.सं.)। निदेशक (आरसीएच) डॉ. सुनीत सिंह

राणावत ने गुरूवार को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिरसी का निरीक्षण किया। उनके साथ परियोजना निदेशक (टीकाकरण) डॉ. रघुराज सिंह भी मौजूद रहे। डॉ. राणावत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध सभी स्वास्थ्य सेवाओं का गहन निरीक्षण किया और चिकित्साधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ओपीडी में व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को सुगमतापूर्वक उपचार उपलबध हो सके। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को पंजीयन एवं जांच के लिए ज्यादा समय कतारों में खड़ा नहीं रहना पड़े, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने समस्त कार्मिकों तथा चिकित्सा अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान यूनिफ़ोर्म में रहने तथा पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोगियों एवं परिजनों के साथ अस्पताल में अच्छा व्यवहार हो तथा उनके लिए छाया एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था हो। लू एवं तापघात को देखते हुए समस्त वार्डों में कूलर तथा पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही मौसमी एवं गर्मी जनित बीमारियों के उपचार के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएं।

डॉ. राणावत ने वार्ड में बायोवेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था में सुधार लाने, वार्ड में हब कटर का उपयोग करने, कलर कोड के अनुसार कचरापात्र रखने और बायोवेस्ट का नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत अस्पताल में सभी दवाओं की उपलब्धता रखी जाए। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित एमसीएचएन सत्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि लाभार्थियों के टीकाकरण करने के पश्चात यू-विन में रियल टाइम डाटा की एंट्री की जा रही थी। ड्यू-लिस्ट के अनुसार समस्त लाभार्थियों को सूचित कर बुलाया गया था। उपस्थित लाभार्थियों को समस्त स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा रही थी। लाभार्थियों ने सीएचसी पर प्रदान की जा रही सेवाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। टीकाकरण के लिए भीड़ को देखते हुए निदेशक (आरसीएच) ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस अभियान के तहत माह की 9, 18, 27 तारीख को भी टीकाकरण किया जाए। इसके अतिरिक्त सप्ताह में दो दिन (गुरुवार तथा एक अतिरिक्त दिन) एमसीएचएन दिवस आयोजित किए जाएं।

आरएमसी की पीनल एण्ड ऐथिकल कमेटी की बैठक में 45 प्रकरणों पर विचार

जयपुर, 23 मई (का.सं.)। राजस्थान मेडिकल कौंसिल, जयपुर में बुधवार को पीनल एण्ड ऐथिकल कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परिषद कार्यालय में दर्ज शिकायती प्रकरणों में से 45 प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया गया। रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि 19 प्रकरणों में अनुपस्थित रहे वादी/प्रतिवादी को एक अन्तिम अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया। यह वादी/प्रतिवादी 11 जून को आयोजित होने वाली आगामी पीनल एण्ड ऐथिकल कमेटी की बैठक में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकेंगे। बैठक में अनुपस्थित रहने पर उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

जयपुर में हो रहा है अत्याधुनिक हरे कृष्ण सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण

जयपुर, 23 मई (का.सं.)। समाज में आध्यात्मिकता को फिर से जीवंत करने एवं परिवर्तन लाने के लिए राजस्थान की राजधानी जयपुर में अत्याधुनिक हरे कृष्ण सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। यह हरे कृष्ण सांस्कृतिक केन्द्र जगतपुरा में श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में छह एकड़ भूमि में बनाया जा रहा है। हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर और मुंबई के अध्यक्ष अमितासन दास ने बताया कि इसकी लागत लगभग 150 करोड़ रुपये आने का अनुमान है। इसके निर्माण में अब तक 50 करोड़ खर्च कर दिए गए है। काम तेज गति से चल रहा है और इसके मार्च 2027 तक पूरा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जल्द ही यहां तीन सौ कारीगर, पत्थर के मूर्तिकार, राजमिस्त्री, संगमरमर बिछाने के विशेषज्ञ आदि के काम करने से इसके निर्माण में और तेजी आयेगी।

उन्होंने बताया कि मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं होते बल्कि यह एक ऐसा स्थान है जहां सभी जाति, रंग, पंथ और विभिन्न आयु वर्ग के लोग आ सकते हैं और वेदों, पुराणों, रामायण और महाभारत में दिए गए ज्ञान से लाभ उठा सकते हैं।

मंदिर की वास्तुकला आधुनिक और पारंपरिक राजस्थानी वास्तुकला का मिश्रण होगी। इसमें राजस्थान के कई पारंपरिक मंदिरों और ऐतिहासिक स्मारकों में पाए जाने वाली वास्तुशिल्प की छाप भी होगी। आधुनिक वास्तुशिल्प जैसे ग्लास, जीआरसी, कंपोजिट सामग्री, फोम कास्टिंग, हल्के वजन वाले कंक्रीट आदि का भी इसमें उपयोग किया जाएगा।

इस सांस्कृतिक केंद्र को हरित स्वर्ग में बदलने के लिए सहजन, नीम, शीशम, पीपल, बरगद, चंदन, कदंब, रुद्राक्ष, कल्पवृक्ष, अश्वगंधा, पारिजात, एलोवेरा, मेसवाक और कई अन्य महत्वपूर्ण पौधे लगाए जा रहे हैं और पूरे परिसर में पौधारोपण किया गया। प्रदर्शनी स्थल जहां कालातीत संदेश और मूल्यों को एनीमेशन, प्रकाश और ध्वनि शो आदि का उपयोग करके प्रस्तुत किया जाएगा। केन्द्र में 30 मीटर की लंबाई के साथ सबसे बड़ी कामन छतरी होगी। इसी तरह मयूर द्वार में पेंटिंग, पत्थर की मूर्ति और कांच जड़ाई के काम के रूप में 108 मोर रूपांकनों का प्रदर्शन किया जाएगा। मंदिर के हॉल में एक साथ तीन हजार लोग बैठ सकेंगे। मंदिर में हाथी हौदा दरवाजे एवं सीढ़ियों के साथ छह भव्य प्रवेश द्वार होंगे। एक संग्रहालय होगा जो भारत के इतिहास और संस्कृति को दर्शाने वाली कलाकृतियां, पेंटिंग, मूर्तियां और अन्य प्रदर्शनियां प्रदर्शित करेगा।

उन्होंने बताया कि यहां विश्व शांति के लिए हरिनाम जप मंडप में आगंतुक और तीर्थयात्री 108 जाप कर सकेंगे। कृष्ण लीला एक्सपो में भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। ये सारी विशेषता सांस्कृतिक केंद्र को एक अनूठा स्थान बना देंगी जो राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का समग्र अनुभव प्रदान करेगा। यह तीर्थयात्रा और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए भी एक लोकप्रिय स्थल होगा। इस कारण यह केंद्र अन्य इमारतों से अलग दिखेगा।

हरे कृष्णा मूवमेंट जयपुर लोगों में ईश्वरीय चेतना जागृत करने के इसी सिद्धांत पर काम करता है। वर्डवाइड हरे कृष्णा मूवमेंट के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद ने कहा हम ईश्वर चेतना के माध्यम से मानव समाज को खुशी, अच्छे स्वास्थ्य, मन की शांति और सभी अच्छे गुणों वाले जीवन का अवसर देने का प्रयास कर रहे हैं।

भ्रष्ट और नाकारा सरकारी अफसर-कर्मचारियों की होगी छुट्टी, मुख्य सचिव ने जारी किए निर्देश

जयपुर, 23 मई (का.सं.)। भ्रष्ट आचरण और काम में लापरवाही बरतने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए चेतावनी है। राजस्थान सरकार ने अब ऐसे कर्मचारियों की सूची बनाकर उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का फैसला किया है। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने हाल ही में उच्च स्तर के अधिकारियों की बैठक में निर्देश जारी किए हैं कि जो अधिकारी और कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ नहीं कर रहे हैं। अधिकारी-कर्मचारी जो लगातार अरुचि, भ्रष्ट आचरण और प्रशासनिक कर्तव्य निभाने में असमर्थ हैं, उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर प्रस्ताव संबंधित प्रशासनिक विभाग को भेजने के निर्देश जारी किए गए हैं।

ये हैं अनिवार्य सेवानिवृति के नियम: गौरतलब है कि राज्य सरकार ने राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1996 के नियम 53(1) के तहत अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के प्रावधान पहले से हैं। इन नियमों के अनुसार अधिकारी और कर्मचारी जिन्होंने अपने सेवा काल के 15 वर्ष पूरे कर लिए हैं व प्रशासनिक कर्तव्य निभाने में असमर्थ हैं अथवा असंतोषजनक कार्यनिष्पादन के कारण जनहितार्थ उपयोगिता खो चुके हैं, ऐसे सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों की स्क्रीनिंग कर तीन महीने के नोटिस या तीन महीने के वेतन भत्तों के भुगतान के साथ उन्हें तुरंत प्रभाव से राज्य सेवा से कार्यमुक्त किया जा सकेगा।

'मिस्टर एंड मिसेज माही' के प्रमोशन को लेकर जयपुर पहुंची जाह्नवी कपूर, 31 मई को सिनेमाघर में होगी रिलीज

जयपुर, 23 मई (का.सं.)। जैसे-जैसे मिस्टर एंड मिसेज माही के रिलीज़

होने की तारीख नजदीक आ रही है, फैंस और दर्शकों के बीच इसे लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है। इस रोमांटिक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म को प्रमोट करने के लिए मुख्य कलाकार जाह्नवी कपूर जयपुर पहुंचीं। शरण शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जी स्टूडियो और धर्मा प्रोडक्शंस ने निर्मित किया है। फिल्म में जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव के साथ जरीना वहाब, हिमांशु जयकार, कुमुद मिश्रा और राजेश शर्मा भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

जयपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जाह्नवी कपूर ने फिल्म, अपने किरदार और अनुभवों के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया, फिल्म महेंद्र और महिमा की कहानी है, जिनकी शादी तय होती है। यह कहानी लव स्टोरी के साथ-साथ जिम्मेदारी और दबाव में अपने मरे हुए सपने को फिर से जिंदा करने और जीने की कहानी को दर्शाती है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जान्हवी ने यह भी बताया, फिल्म में मैंने सूर्यकुमार यादव के प्रसिद्ध स्कूप शॉट को आजमाने की कोशिश की है। यह सिर्फ एक स्पोर्ट्स ड्रामा नहीं है, बल्कि यह फिल्म भावनाओं का मीठा समंदर है। हाल ही में जारी फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। फिल्म एक ऐसे कपल के जीवन पर आधारित है, जिन्हें क्रिकेट देखना और खेलना बहुत पसंद है। परिवार की जिम्मेदारियों के चलते उन्हें अपनी इच्छाओं को दबाना पड़ता है, लेकिन आगे चलकर वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए कदम उठाते हैं। मिस्टर एंड मिसेज माही एक प्रेरणादायक कहानी है जो दर्शकों को निश्चित रूप से प्रेरित करेगी।

विद्यार्थियों के लिए सप्लाई होने आया 4 करोड़ रुपए का 850 किलो गांजा जब्त

जोधपुर, 23 मई (का.सं.)। नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो (एनसीबी)

ने पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर के सहयोग से गुरुवार को दो जगहों पर दबिश देकर 850 किलो अवैध गांजा जब्त कर एक युवक को गिरफ्तार किया। इसकी कीमत बाजार में 4.30 करोड़ रुपए आंकी गई है। मारवाड़ में गांजा जब्त करने की यह संभवतः सबसे बड़ी कार्रवाई है। एनसीबी को आशंका है कि यह गांजा आईआइटी, एनएलयू व अन्य शिक्षण संस्थाओं व हुक्का बारों के लिए सप्लाई होने आया था।

ब्यूरो के क्षेत्रीय निदेशक घनश्याम सोनी ने बताया कि सुबह झालामण्ड बाइपास पर फिटकासनी व गोरा होटल के पास भारी मात्रा में गांजा सप्लाई होने की सूचना मिली। पुलिस कमिश्नर राजेन्द्रसिंह व डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार यादव के निर्देश पर स्थानीय पुलिस की मदद से बाइपास पर बोलेरो पिकअप से 5-5 किलो गांजा से भरे 71 पैकेट जब्त कर मोगड़ा कला में बिश्नोइयों की ढाणी निवासी अनिल कुमार पुत्र जालाराम को गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ के बाद गुड़ाबिश्नोइयान गांव के मंगल नगर निवासी भागीरथ पुत्र छोगाराम के मकान में दबिश देकर 5-5 किलो गांजा से भरे 99 पैकेट जब्त किए गए। अंदेशा है कि यह गांजा आंध्रप्रदेश व उड़ीसा सीमा पर सिलेरू से लाया गया था।

एनसीबी ने एनडीपीएस एक्ट में एफआइआर दर्ज कर 170 पैकेट में 850 किलो अवैध गांजा जब्त किया। मोगड़ा कला में बिश्नोइयों की ढाणी निवासी अनिल कुमार पुत्र जालाराम को गिरफ्तार किया गया। भागीरथ पकड़ में नहीं आ सका। उसके अलावा चार और लोगों को नामजद किया गया है। इनकी तलाश में एनसीबी की टीमें छापेमारी कर रही हैं।

हिंगोनिया गोशाला में गोवंश को गर्मी से राहत देने की कोशिश, टेंट और तिरपाल लगाए

जयपुर, 23 मई (का.सं.)। राजस्थान में भीषण गर्मी कहर बरपा रही है। आम आदमी के साथ ही बेजुबान जानवरों और पक्षियों को प्रचंड

गर्मी और तेज धूप ने झुलसा दिया है। जयपुर की सबसे बड़ी हिंगोनिया गोशाला में गोवंश को गर्मी से राहत देने के लिए नगर निगम हेरिटेज ने एंटी वाटर स्मोक गन चलाने के साथ ही टेंट और तिरपाल लगाया जा रहा है।

दरअसल, हिंगोनिया गोशाला जयपुर जिले की सबसे बड़ी गोशाला है, जहां फिलहाल 18 हजार 95 गोवंश मौजूद है। जिनके लिए हिंगोनिया गोशाला में लगभग 27 टीन शेड लगाकर छाया और भोजन का प्रबंधन किया जाता है, लेकिन इन टीन शेड में महज 13 हजार गाय ही आसानी से आ पाती थी। अब नगर निगम हेरिटेज ने बाकी शेष 6000 गायों को गर्मी से राहत देने के लिए टेंट और तिरपाल लगाने का काम शुरू कर दिया है। वहीं एंटी स्मोक गन से लगातार गायों पर पानी की फुहार भी छोड़ी जा रही है, ताकि उन्हें तेज धूप और गर्मी से राहत दी जा सके।

नगर निगम हेरिटेज कमिश्नर अभिषेक सुराणा ने बताया कि राजधानी जयपुर में गर्मी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में हिंगोनिया गोशाला में मौजूद गोवंश को राहत देने के लिए नगर निगम ने अब एंटी स्मोक गन का इस्तेमाल शुरू किया है, ताकि भीषण गर्मी से इन बेजुबान जानवरों को भी राहत दी जा सके। इसके साथ ही तेज धूप में खुले में रहने को मजबूर गायों के लिए टेंट और तिरपाल लगाने की व्यवस्था भी की जा रही है, ताकि गोवंश को गर्मी में किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बता दें कि हिंगोनिया गोशाला 800 बीघा में फैली हुई है, जहां 18 हजार से ज्यादा गोवंश मौजूद है। इसके साथ ही शहर की आवारा गायों को पड़कर भी हिंगोनिया में छोड़ा जाता है। जिनकी देखरेख और चारे के लिए जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज द्वारा निजी ट्रस्ट को हर साल 12 करोड़ (प्रति महीना 1 करोड रुपए) दिया जाता है। जिसमें नगर निगम ग्रेटर 60% जबकि हेरिटेज द्वारा 40% हिस्सा दिया जाता है। वहीं इस भीषण गर्मी में नगर निगम हेरिटेज द्वारा टेंट और तिरपाल लगाने की व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने किर्गिस्तान में छात्रों से बात की, हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

रायपुर, 23 मई (वेब वार्ता)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किर्गिस्तान में हिंसा की घटनाओं की पृष्ठभूमि में उपजी चिंताओं के बीच वहां अध्ययनरत राज्य के छात्रों से बात की और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत सरकार किर्गिस्तान सरकार के साथ लगातार संपर्क में है। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में विदेशियों को निशाना बनाने की घटनाओं के बाद वहां पढ़ रहे भारतीय छात्रों को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं। वहां छात्रों को घर के भीतर ही रहने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 70 छात्रों सहित भारत के लगभग 15 हजार छात्र किर्गिस्तान में चिकित्सा और अन्य पाठ्यक्रमों में पढ़ाई कर रहे हैं। जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के निवासी छात्र विजय और पड़ोसी जांजगीर-चांपा जिले की रहने वाली शिवानी से फोन पर बात की और उनका हालचाल पूछा। साय ने उन्हें अपना ख्याल रखने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने दोनों छात्रों से कहा कि भारत सरकार किर्गिस्तान के साथ लगातार संपर्क में है और छात्रों को चिंता करने की जरूरत है। साय ने छात्रों से कहा कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो वे छत्तीसगढ़ सरकार से संपर्क करें और आश्वासन दिया कि कठिन परिस्थिति में राज्य और केंद्र सरकार उनके साथ खड़ी हैं। अधिकारियों ने बताया, छात्रों ने मुख्यमंत्री को वहां की तनावपूर्ण स्थिति के बारे में बताया। छात्रों ने बताया कि उन्हें हास्टल से निकलने की अनुमति नहीं है, उन्हें भोजन-पानी वहीं उपलब्ध कराया जा रहा है और उन्होंने वापसी के लिए टिकट बुक करा ली है। साय ने छात्रों से कहा कि यदि उन्हें कोई भी परेशानी हो तो वे सभी छत्तीसगढ़ सरकार से अवश्य संपर्क करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, भारत सरकार के सहयोग से आप सभी की सुरक्षित वतन वापसी सुनिश्चित करेगी।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बोले- राजनीति में भी जलवायु परिवर्तन की चर्चा जोरों पर है

प्रतापगढ़, 23 मई (वेबवार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 143 सीट भी मुश्किल से मिलने का दावा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि राजनीति में भी जलवायु परिवर्तन की चर्चा जोरों पर है। यादव ने प्रतापगढ़ में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''जलवायु परिवर्तन के मुद्दे की तरह राजनीति में भी जलवायु परिवर्तन पर चर्चा जोर पकड़ रही है। देश की 140 करोड़ जनता के कारण भाजपा को विपक्ष के हाथों 400 सीट का नुकसान होगा। उसे 543 सीट वाली संसद में 143 सीट भी मुश्किल से मिलती दिखाई दे रही हैं।

उन्होंने कहा, ''सत्तारूढ़ दल के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश में सातवें चरण के मतदान तक लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर होगा। सपा अध्यक्ष ने कहा, ''इससे पहले मैंने कहा था कि भाजपा क्योटो वाली (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाराणसी सीट) को छोड़कर सभी सीट हारने जा रही है, लेकिन समय के साथ ऐसा लगता है कि यह सीट भी उनके हाथ से फिसल रही है। भाजपा को उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट पर हार मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) में शामिल सपा और कांग्रेस 'एक और एक 11 हो गए हैं जिससे 'दिल्ली वालों (केंद्र सरकार) के लिए तनाव पैदा हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अखिलेश और राहुल गांधी को ''शहजादे कहे जाने पर सपा अध्यक्ष ने कहा, ''हम उन्हें शह भी देंगे और मात भी देंगे।

जीआईसी मैदान में आयोजित रैली के लिए खासी भीड़ उमड़ी थी और कई युवा तंबू में लगी बल्लियों पर लटके दिखाई दिये। यादव ने मजाकिया लहजे में कहा कि इन युवाओं में शारीरिक परीक्षा पास करने और सशस्त्र बल में नौकरी पाने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव के बाद केन्द्र में 'इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो अग्निवीर योजना को खत्म करके फौज में पक्की नौकरी दी जाएगी। मंच पर कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना और उनके पिता प्रमोद तिवारी भी मौजूद थे।

बेंगलुरु के तीन होटलों को बम की धमकी वाला मेल मिला, तलाशी अभियान जारी

बेंगलुरु, 23 मई (वेबवार्ता)। इलेक्ट्रॉनिक सिटी में स्थित द ओटेर्रा होटल सहित तीन प्रतिष्ठित होटलों को बम की

धमकी वाला ईमेल भेजा गया था, जिसके बाद अधिकारियों को जांच शुरू करनी पड़ी। डीसीपी साउथ ईस्ट बेंगलुरु के मुताबिक, किसी भी विस्फोटक की तलाश के लिए पुलिस, बम स्क्वॉड और खोजी कुत्तों को होटलों में भेजा गया था। विशेष रूप से, दिल्ली, बेंगलुरु, अहमदाबाद, जयपुर और लखनऊ जैसे प्रमुख शहरों में स्कूलों और अस्पतालों के साथ-साथ दिल्ली, मुंबई, गोवा, नागपुर और कोलकाता के हवाई अड्डों के साथ-साथ कई सरकारी भवनों को विदेशी माध्यम से धमकियां मिलने की सूचना मिली है। उन्नत डेटा एन्क्रिप्शन से सुसज्जित आधारित मेलिंग सेवा कंपनियाँ। अधिकारियों ने प्रभावित शहरों में इन घटनाओं की जांच शुरू कर दी है।

गृह मंत्रालय को बम की धमकी वाला ईमेल मिला: ताजा धमकी की सूचना दिल्ली में गृह मंत्रालय को बम की धमकी वाला ईमेल मिलने के एक दिन बाद दी गई थी, लेकिन कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाए जाने के बाद इसे अफवाह घोषित कर दिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी के मुताबिक, मंत्रालय में तैनात एक वरिष्ठ अधिकारी को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे एक ईमेल के जरिए धमकी मिली।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ईमेल में लिखा था कि इमारत में बम रखे जाने पर विस्फोट हो जाएगा. उन्होंने बताया कि मेल के आईपी पते और अन्य विवरणों की जांच की जा रही है। नाम न छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने कहा कि मेल एक गुमनाम जीमेल पते से भेजा गया था और संदेह है कि प्रेषक ने वीपीएन का उपयोग किया है जो आईपी पते को छुपाता है।

कई स्कूलों को बम की धमकी वाले मेल मिले: इससे पहले अप्रैल में, दिल्ली-एनसीआर, जयपुर, उत्तर प्रदेश और बेंगलुरु के विभिन्न स्कूलों में बम की धमकी वाले ईमेल भेजे गए थे, जिससे व्यापक दहशत फैल गई थी। हालाँकि, ये सभी धमकियाँ अंततः अफवाह साबित हुईं। दिल्ली हाई कोर्ट ने इन घटनाओं पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी. जवाब में, दिल्ली पुलिस ने 17 मई को एक रिपोर्ट सौंपी, जिसमें शहर भर में पांच बम निरोधक दस्तों और 18 बम पहचान टीमों की तैनाती की रूपरेखा दी गई।

राजन ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

भोपाल, 23 मई (वेब वार्ता)। मध्यप्रदेश में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज सीहोर के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुँचकर लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत आगामी 4 जून को 3 संसदीय क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाली जिले की 4 विधानसभाओं की मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। श्री राजन को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही तैयारियों, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। उन्होंने मतगणना टेबल, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, डाक मतपत्रों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। साथ ही मतगणना स्थल परिसर में निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों के लिए स्ट्रॉंग रूम का सीसीटीवी लाईव डिस्प्ले तथा कक्ष से ही स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को देखा। उन्होंने पुख्ता और बेहतर व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। श्री राजन ने निर्देश दिए कि लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। उन्होंने मतगणना के दिन विद्युत की सतत् आपूर्ति हो और किसी भी वजह से मतगणना कार्य प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएँ सुचारू तरीके से संचालित रहें।

यादव ने किए महाबोधि मंदिर दर्शन

गया/भोपाल, 23 मई (वेब वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बिहार स्थित महाबोधि मंदिर के दर्शन किए। कल देर रात इस मंदिर में दर्शन के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने बोधगया में अहिंसा की शिक्षा देने वाले एवं भारतीय संस्कृति की पताका विश्व में फहराने वाले, भगवान बुद्ध के दर्शन किए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यहां आकर बहुत प्रसन्नता हुई। डॉ यादव ने कहा कि आज संपूर्ण भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनरुत्थान का महायज्ञ चल रहा है और मध्यप्रदेश सरकार भी इसे आगे बढ़ा रही है। इसके साथ ही उन्होंने बिहार की जनता से अपील की कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।

मेट्रो जेट एयरवेज़ ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड

(परिसमापन के तहत, आईबीसी,2016)

परिसमापक का पता- एम-215, रियर ग्राउंड फ्लोर, ग्रेटर कैलाश II, नई दिल्ली-110048; संपर्क करें:9811081491, ईमेल- cirpmetroproject@gmail.com

आईबीसी, 2016 के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना

दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 और उसके तहत नियमों के तहत आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे दी गई तालिका में बताए गए सामान को सेवा प्रदाता मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के माध्यम से ई-नीलामी द्वारा वेबसाइट-https://ncltauction.auctiontiger.net (संपर्क व्यक्ति: श्री परवीन कुमार थेवर 9722778828/6351896834 पर ईमेल:- parveenthevar@auctiontiger.net, nclt@auctiontiger.net,support@auctiontigernet के माध्यम से बेचा जाएगा।

नीलामी की तिथि एवं समय	14/06/2024
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	10/06/2024 (शाम 6:00 बजे तक)
योग्य बोलीदाता की घोषणा की तिथि	11/06/2024
परिसंपत्तियों का निरीक्षण या उचित परिश्रम	12/06/2024 से 13/06/2024

लोट नं.	विवरण	जगह	संरक्षित कीमत (लाख रूपये में)	ईएमडी (लाख रूपये में)
1.	जेट एयरवेज प्रशिक्षण से संबंधित सामान-प्रशिक्षण विमान, उसके हिस्से, स्पेयर और पुस्तकों सहित अन्य सामग्रियों का स्टॉक	एसपी-10, सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर, राजस्थान	10,00,000/-	1,00,000/-

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं

1. इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी का भुगतान एनईएफटी/आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से 13/06/2024 को शाम 5 बजे तक या उससे पहले ''मेट्रो जेट एयरवेज ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड'' के एक्सिस बैंक लिमिटेड के बैंक खाता संख्या 924020009676258 और आईएफएससी कोड- UTIB0000268 खाते में किया जाएगा।
2. ई-नीलामी ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो है वहां है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी।
3. कंपनी की संपत्ति के बारे में पूरी और विस्तृत जानकारी ''ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज़'' में अनुलग्नक-VI के रूप में उपलब्ध है, जो वेबसाइट यानी https://ncltauction.auctiontiger.net पर उपलब्ध है। पूरी जानकारी प्राप्त करने के लिए इस बिक्री सूचना को ''ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज़'' के साथ अवश्य पढ़ें।

एसडी/-

भीम सैन गोयल, परिसमापक (मोबाइल नंबर: +9811081491)

ईमेल आईडी: bsgoyal1@gmail.com

आईबीबीआई रजि. नंबर: IBBI/IPA-002/IP-P00726/2018-2019/12216

एएफए वैध: 08/11/2024 तक

स्थान: नई दिल्ली | पता: एम-215, रियर ग्राउंड फ्लोर, ग्रेटर कैलाश- II,

दिनांक:-23/05/2024 | नई दिल्ली, 110048

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक घनश्याम सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नींदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व कार्यालय 2566, कोहिनूर की गली, चौड़ा रास्ता, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है।
न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। (सम्पादक-घनश्याम सिंह) मोबाईल नम्बर : 9829212917 ई-मेल: jaipurjb@gmail.com